दया की करदो नज़र | By Devi Neha Saraswat

मुझ पर दया की करदो नज़र
हे श्याम सुन्दर हे मुरलीधर
कुछ दीनो के दु:ख की लेलो खबर
हे श्याम सुन्दर हे मुरलीधर

आरत जान तुमको पुकार रहे
आने की बाट निहार रहे
सिर छुपा के यहाँ बैठे नटवर
हे श्याम सुन्दर हे मुरलीधर

ब्रज बाला व्याकुल रहती है
ग्वालो की टोली कहती है
कब आओगे कान्हा वर बनकर
हे श्याम सुन्दर हे मुरलीधर

बिसरा दो इन्हे या सम्भालो इन्हे
ठुकरा दो चाहे अपना लो इन्हे
द्रगविंदु है आपके पेश ए नज़र
हे श्याम सुन्दर हे मुरलीधर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-by-devi-neha-saraswat/